सीएसआईआर – केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की
CSIR – Central Building Research Institute, Roorkee

निविदा आमंत्रण सूचना (NIT) / NOTICE INVITING TENDER (NIT)

निविदा आमंत्रण सूचना – चिन्हित क्षतिग्रस्त / गिरे हुए वृक्षों की कटाई एवं बिक्री/हटाने हेतु
Notice Inviting Tender – For Sale and Removal of Dangerous Trees

निविदा संख्या: सामान्य विभाग/सी.बी.आर.आई./2023,
Tender No.: General Section/CBRI/2023,

दिनांक: 10.11.2026
Dated: 10-11-2026

सीएसआईआर-सीबीआरआई कॉलोनी में वन विभाग द्वारा चिन्हित क्षतिग्रस्त / गिरे हुए **वृक्षों की कटाई, हटाने एवं निस्तारण** हेतु पात्र ठेकेदारों/फर्मों से **दो-बिड प्रणाली (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड)** में सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। कार्य उस **उच्चतम बोलीदाता (Highest Bidder)** को प्रदान किया जाएगा, जिसकी प्रस्तावित बोली वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकित मूल्य से अधिक हो तथा जो सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।

Sealed tenders are invited in **Two-Bid System (Technical Bid & Financial Bid)** from eligible contractors/firms for the **cutting, removal, and disposal of dangerous trees in CSIR-CBRI Colony**, as approved by the Forest Department. The work shall be awarded to the **highest bidder** whose offered rate is above the evaluated price fixed by the Forest Department and who meets all eligibility criteria.

निविदा कार्यक्रम / Tender Schedule

- **निविदा प्रकाशित करने की तिथि:** 10-11-2026 / Date of Publication of Tender: 10-11-2026.
- **बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 24-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे।
  Last date & time for submission of bids: 24-11-2026 at 12:30 (PM) hrs.
- **तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:** 24-11-2026 को दोपहर 03:00 बजे।
  Date & time of opening of Technical Bid: 24-11-2026 at 03:00 (PM) hrs.
- **वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय:** 25-11-2026 को प्रातःकाल 11:00 बजे।
  Date & time of opening of Financial Bid: 25-11-2026 at 11:00 (AM) hrs.

निविदा दस्तावेज **cbri.res.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
Tender documents can be downloaded from **cbri.res.in**.

सीलबंद बिड निम्न कार्यालय में जमा की जानी है:
Sealed bids should be submitted at:

अनुभाग अधिकारी (सामान्य) का कार्यालय,
सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की – 247667
Office of the Section Officer (G),
CSIR-CBRI, Roorkee – 247667

अनुभाग अधिकारी – सामान्य)
(Section Officer – G)
निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की की ओर से
For Director, CSIR-CBRI, Roorkee

निविदा दस्तावेज / TENDER DOCUMENT

भाग–I : बोलीदाताओं हेतु सामान्य निर्देश / Part–I: General Instructions to Bidders

1. दो-बिड प्रणाली / Two-Bid System

- **तकनीकी बिड (Envelope-1):** इसमें बोलीदाता की पात्रता, लाइसेंस, पूर्व कार्य अनुभव तथा वन विभाग की अनुमति प्राप्त करने की क्षमता से संबंधित दस्तावेज शामिल होंगे।

  Technical Bid (Envelope-1): Containing bidder credentials, licences, past work experience, and proof of capability to obtain Forest Department permission.

- **वित्तीय बिड (Envelope-2):** इसमें निर्धारित प्रारूप **अनुलग्नक-क के अनुसार** केवल मूल्य प्रस्ताव शामिल होगा।

  Financial Bid (Envelope-2): Containing only the price offer in the prescribed format **as per Annexure-A**.

"दोनों लिफाफों को अलग-अलग सीलबंद करके एक बाहरी लिफाफे में रखा जाएगा, जिस पर निविदा संख्या एवं कार्य का विषय स्पष्ट रूप से अंकित होगा।"

"Both envelopes shall be separately sealed and placed in a single outer envelope superscribed with the Tender No. and subject".

2. पात्रता / Eligibility

1. बोलीदाता को **पिछले 05 वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष अर्थात् वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2026-27 तक**, वृक्षों की कटाई एवं हटाने के कार्य में **कम से कम दो वर्ष का अनुभव** होना चाहिए तथा संबंधित प्राधिकारी से वैध पंजीकरण/लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए।

   The bidder must have **at least two years' experience during the last 05 financial years and the current financial year, i.e. from the financial year 2021-22 to 2026-27**, in the cutting and removal of trees and must possess a valid registration/licence from the appropriate authority.

2. बोलीदाता में **NTPS Portal** के माध्यम से आवश्यक वन विभागीय अनुमति प्राप्त करने की क्षमता होनी चाहिए।

   The bidder must have the capability to obtain the required Forest Department permission through the **NTPS Portal**.

3. वित्तीय बिड में उद्धृत राशि वन विभाग द्वारा निर्धारित **मूल्यांकित मूल्य से अधिक** होनी चाहिए।

   The financial bid must quote an amount higher than the **evaluated price fixed by the Forest Department**.

4. **₹3,000/- की बयाना राशि (Earnest Money)** निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई के **खाता संख्या 30269847968, IFSC SBIN0010635** में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व जमा की जानी होगी।

Earnest Money of ₹3,000/- shall be deposited in **Director, CSIR-CBRI Account No. 30269847968, IFSC SBIN0010635** before the last date of submission of the bid.

3. कार्य का दायरा / Scope of Work

- **अनुलग्नक-क** में सूचीबद्ध तथा वन विभाग द्वारा चिन्हित क्षतिग्रस्त / गिरे हुए वृक्षों की कटाई, सीएसआईआर-सीबीआरआई उद्यानिकी समिति की उपस्थिति में की जाएगी।

  Cutting of all dangerous trees listed in **Annexure-A**, as approved by the Forest Department, in the presence of the CSIR-CBRI Horticulture Committee.

- संबंधित वन क्षेत्र अधिकारी से **NTPS Portal** के माध्यम से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत कटी हुई लकड़ी/इमारती लकड़ी को सीएसआईआर-सीबीआरआई परिसर से बाहर ले जाना।

  Transportation of cut timber/wood outside CSIR-CBRI premises after obtaining permission from the concerned Forest Area Officer through the **NTPS Portal**.

- एक हटाए गए वृक्ष के स्थान पर दो पौधों का रोपण करना।

  Plantation of two saplings in place of one removed tree.

- वन विभाग के सभी नियमों एवं विनियमों का अनुपालन करना।

  Compliance with all Forest Department rules and regulations.

- कार्य के निष्पादन के दौरान ठेकेदार द्वारा स्थल पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए जाएंगे।

  The contractor shall take all necessary safety measures at the site during execution of the work.

4. अनुमतियाँ / Permissions

ठेकेदार को कार्य प्रारंभ करने से पूर्व कटी हुई लकड़ी/वृक्षों को परिसर से बाहर ले जाने हेतु संबंधित वन क्षेत्र अधिकारी से संबंधित **NTFPS Portal** के माध्यम से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

The contractor must obtain permission from the concerned Forest Area Officer through the concerned **NTFPS Portal** before commencing the work for removal/exit of cut trees.

5. कार्य प्रदान किया जाना / Award

- वित्तीय बिड में उद्धृत राशि वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकित मूल्य से अधिक होनी चाहिए।

  The financial bid must be higher than the evaluated price fixed by the Forest Department.

- सभी तकनीकी एवं पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले **उच्चतम बोलीदाता** को अनुबंध प्रदान किया जाएगा।

  The contract will be awarded to the **highest bidder** fulfilling all technical and eligibility criteria.

- उच्चतम वैध बोलीदाता (H-1) को वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि से **10 कार्य दिवसों के भीतर स्वीकृति पत्र (Letter of Acceptance – LOA)** जारी किया जाएगा।

  The highest valid bidder (H-1) will be issued a **Letter of Acceptance (LOA)** within **10 working days** from the date of opening of the financial bid.

6. बोली राशि जमा करना / Deposit of Bid Amount

- सफल बोलीदाता को LOA जारी होने की तिथि से **02 कार्य दिवसों के भीतर**, संपूर्ण बोली राशि **डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक** के माध्यम से **"Director, CSIR-CBRI"** के पक्ष में, रुड़की में देय, जमा करनी होगी।

  The successful bidder shall deposit the entire bid amount through Demand Draft/Banker's Cheque drawn in favour of **"Director, CSIR-CBRI"**, payable at Roorkee, within **02 working days** from the date of issuance of the LOA.

- यदि सफल बोलीदाता निर्धारित अवधि के भीतर बोली राशि जमा करने में विफल रहता है:

  If the successful bidder fails to deposit the bid amount within the stipulated period:

  1. EMD जब्त कर ली जाएगी।

     The EMD will be forfeited.

  2. कार्य अगले पात्र बोलीदाता को प्रदान किया जा सकता है अथवा पुनः निविदा आमंत्रित की जा सकती है, जैसा कि विभाग द्वारा निर्धारित किया जाए।

     The work may be offered to the next eligible bidder or re-tendered, at the discretion of the Department.

7. कार्य प्रारंभ / Commencement of Work

बोलीदाता द्वारा कार्य केवल बोली राशि, सुरक्षा जमा (यदि लागू हो) की पूर्ण राशि जमा करने तथा संबंधित प्राधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही प्रारंभ किया जाएगा।

The bidder shall commence the work only after full deposit of the bid amount, Security Deposit (if applicable), and receipt of written permission from the concerned authority.

8. कार्य पूर्ण करने की अवधि / Work Completion Time

- वृक्षों की कटाई अनुबंध प्रदान किए जाने की तिथि से **15 दिनों के भीतर** पूर्ण की जानी है।

  Cutting of trees shall be completed within **15 days from the date of award of contract.**

- वृक्षों को हटाने एवं स्थल की सफाई का कार्य अनुबंध प्रदान किए जाने की तिथि से **30 दिनों के भीतर** पूर्ण किया जाना है।

Removal of trees and site clearance shall be completed within **30 days from the date of award of contract**.

9. विलंब के लिए दंड / Penalty for Delay

- निर्धारित अवधि के बाद वृक्षों की कटाई में विलंब होने पर **₹200/- प्रतिदिन**।

  ₹200/- per day for delay in cutting beyond the stipulated period.

- वृक्षों को हटाने एवं स्थल की सफाई में विलंब होने पर **₹200/- प्रतिदिन**।

  ₹200/- per day for delay in removal and clearance.

भाग–II : वृक्षों का विवरण / Tree Details

(वन विभाग के अनुमोदन के अनुसार)
(As per approval of the Forest Department)

क्र.	प्रजाति	दशा	व्यासवर्ग	वृक्षों की सं.	वृक्षों की लोकेशन (CBRI कॉलोनी में आवास संख्या)	कुल
1	सिल्वरओक	हरा खड़ा अयोग्य	7 से ऊपर	3	A-1 near BVM (2 nos.), A-6 (1 no.), A-10 (1 nos.), A-11 (3 nos.), A-27 on road (2 nos.), A-30 on road (2 nos.), A-34 on road (1 no.), A-58 (1 no.), B-18 back (1 no.), B-52 (1 no.), B-54 in front (1 no.), B-58 back (1 no.)	**17**
2	सिल्वरओक	हरा खड़ा ठूंठ	7 से ऊपर	1		
3	सिल्वरओक	हरा खड़ा अयोग्य	6–7	5		
4	सिल्वरओक	हरा खड़ा अयोग्य	5–6	6		
5	सिल्वरओक	हरा खड़ा अयोग्य	4–5	2		
6	तुन	हरा खड़ा अयोग्य	7 से ऊपर	1	A-11, A-15	**02**
7	तुन	हरा खड़ा ठूंठ	7 से ऊपर	1		
8	सेमल	हरा खड़ा योग्य (आवास के नीचे जड़ें होने के कारण)	7 से ऊपर	1	A-12	**01**
9	आम	सूखा खड़ा ठूंठ	7 से ऊपर	1	A-12	**01**
10	कुकाट	सूखा खड़ा ठूंठ	4–5	1	A-14	**01**
11	नीम	सूखा खड़ा ठूंठ	4–5	1	A-34	**01**
12	कटहल	हरा खड़ा अयोग्य	4–5	1	A-34	**01**
13	कुकाट	हरा खड़ा ठूंठ	5–6	1	B-11	**01**
14	कुकाट	हरा खड़ा खोखला	4–5	1	In front of B-13	**01**
15	सीरिस	हरा खड़ा योग्य (आवास के नीचे जड़ें होने के कारण)	3–4	1	In front of B-15	**01**
16	आम	हरा खड़ा ठूंठ	4–5	1	B-55	**01**
17	जामुन	हरा खड़ा अयोग्य	6–7	1	A-55	**01**
18	गुलर	हरा खड़ा अयोग्य	7 से ऊपर	1	Back side of C-69/C-70	**01**
			योग	**30**		**30**

लिफाफा–1 / Envelope–1

भाग–III : तकनीकी बिड प्रारूप / Part–III: Technical Bid Format

निविदा संख्या / Tender No.: _____

A. बोलीदाता का विवरण / Bidder Details

1	फर्म/ठेकेदार का नाम / Name of Firm / Contractor	
2	पता / Address	
3	संपर्क संख्या / Contact No.	
4	ई-मेल / Email	
5	पंजीकरण/लाइसेंस संख्या / Registration/Licence No.	
6	PAN and GST No.	
7	बोलीदाता में **NTPS Portal** के माध्यम से आवश्यक वन विभागीय अनुमति प्राप्त करने की क्षमता का प्रमाण।	
8	₹3,000/- की बयाना राशि (Earnest Money) जमा किए जाने का प्रमाण।	
9	समान कार्य में दो वर्ष का अनुभव (वर्ष 2021 से 2027 तक) / Two years of experience in similar work (2021 to 2027).	

उपर्युक्त क्रमांक 1 से 9 तक के सभी विवरणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजी प्रमाणों की विधिवत हस्ताक्षरित एवं मुहर लगी प्रतियाँ संलग्न करें।

Attach duly signed and stamped copies of all relevant documentary proofs in support of the details mentioned at Sl. No. 1 to 9 above.

B. घोषणा / Declaration

मैं/हम एतद्द्वारा घोषित करता/करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा प्रदान की गई जानकारी सत्य एवं सही है तथा मैं/हम निविदा की सभी शर्तों का अनुपालन करूंगा/करेंगे।

I/We hereby declare that the information provided is true and correct, and that I/we shall comply with all tender conditions.

बोलीदाता के हस्ताक्षर एवं मुहर
Signature & Seal of Bidder

दिनांक / Date: _____

भाग–IV : वित्तीय बिड प्रारूप / Part–IV: Financial Bid Format

निविदा संख्या / Tender No.: _____

बोलीदाता का नाम / Name of Bidder: _____

कार्य का विवरण / Item Description

सीएसआईआर-सीबीआरआई कॉलोनी में **अनुलग्नक-क** एवं वन विभाग द्वारा वृक्षों को परिसर से बाहर ले जाने हेतु दी गई स्वीकृति के अनुसार चिन्हित क्षतिग्रस्त / गिरे हुए वृक्षों की कटाई, हटाने एवं निस्तारण का कार्य।

Cutting, removal, and disposal of dangerous trees in CSIR-CBRI Colony as per **Annexure-A** and Forest Department approval for exit of trees.

बोलीदाता द्वारा वृक्षों/लकड़ी के निस्तारण हेतु अपनी दरें **अनुलग्नक-क** में दर्शाए गए वृक्षों के अनुसार निम्नलिखित निर्धारित प्रारूप में भरी जाएँगी। दरें जीएसटी सहित उद्धृत की जानी हैं:

The bidder shall quote its rates for the disposal of the trees/wood as per the trees specified in **Annexure-A**, in the following prescribed format. The rates shall be quoted inclusive of GST:

A	B	C	D	E	F	G	H
क्र. सं.	पेड़ों का विवरण	पेड़ों की संख्या	कुल राशि	केंद्रीय GST (%)	राज्य GST (%)	जीएसटी राशि (E+F)	जीएसटी सहित कुल राशि (D+G)
1.	अनुलग्नक-क के अनुसार	30					

मूल्य (शब्दों में) / Price (in words): ₹ _____

नोट / Note:-

1. उद्धृत मूल्य वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकित मूल्य से अधिक होना चाहिए।
   The quoted price must be more than the evaluated price fixed by the Forest Department.

2. उद्धृत राशि **अनुलग्नक-क** में सूचीबद्ध सभी वृक्षों के लिए **एकमुश्त (Lump-sum)** होगी।
   The quoted amount shall be **lump-sum** for all trees listed in **Annexure-A**.

बोलीदाता के हस्ताक्षर एवं मुहर
Signature & Seal of Bidder

दिनांक / Date: _____